



# शारदा नहर में उतराता मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के सब्जी मंडी के पास शारदा नहर में शुक्रवार को शव उतराता मिला। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला।

पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्त अशफाक (53) हसनगंज उन्नाव निवासी के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि अशफाक कुछ समय से नहर किनारे झोपड़ी डालकर रह रहा था और सड़क किनारे सब्जी बेचकर अपना जीवन यापन कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह दमा की बीमारी से भी ग्रसित थ। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# होली पर चलाई जाएंगी स्पेशल ट्रेनें, दो लखनऊ से गुजरेंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए जारी किया विस्तृत शेड्यूल

**अमृत विचार:** होली पर्व पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। नई दिल्ली, बरौनी, गोरखपुर और आसनसोल रूट पर कई होली विशेष ट्रेनों का संचालन तय किया गया है, वहीं कुछ नियमित ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव और बहाली की सुविधा भी दी गई है।

04022/04021 नई दिल्ली–गोरखपुर–नई दिल्ली होली स्पेशल 20 फरवरी से 6 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार नई दिल्ली से तथा 21 फरवरी से 7 मार्च तक प्रत्येक शनिवार गोरखपुर से चलाई जाएगी। ये ट्रेन मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ (उत्तर रेलवे), गोंडा और बस्ती होते हुए गोरखपुर पहुंचेगी। 12555/12556 गोरखपुर–बठिण्डा एक्सप्रेस को 13 फरवरी से उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के मंडी आदमपुर स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव दिया गया है। 15031/15032 गोरखपुर–लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी एक्सप्रेस को 17 और 24 फरवरी को गोमतीनगर स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। इसी तरह 04054/04053 नई दिल्ली–बरौनी–नई दिल्ली होली विशेष ट्रेन 20 फरवरी से 6 मार्च तक नई दिल्ली से और 22 फरवरी से 8 मार्च तक बरौनी से प्रतिदिन चलाई जाएगी। ये ट्रेन गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, गोंडा, बस्ती और गोरखपुर होते हुए बरौनी पहुंचेगी। 03525/03526 आसनसोल–गोरखपुर–आसनसोल होली स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी व 2 मार्च को आसनसोल से और 1 व 3 मार्च को गोरखपुर से दो फेरों में चलाई जाएगी। ये ट्रेन बरौनी, छपरा, सीवान और देवरिया सदर जैसे स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

## कुछ ट्रेनों से हटे एसी चेयरकार, निरस्त गाड़ियां बहाल



- 15111/15112 छपरा–वाराणसी सिटी, 15130/15129 वाराणसी सिटी–गोरखपुर कैण्ट तथा 15105/15106 छपरा–नौतनवा एक्सप्रेस में 16 फरवरी से एसी चेयरकार कोच नहीं लगाया जाएगा। निरस्त ट्रेनों 15130, 55042, 55122/55121 और 55041 का संचालन 16 से 18 फरवरी के बीच पूर्ववत बहाल कर दिया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व संबंधित ट्रेनों का समय और स्थिति अवश्य जांच लें।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत, साथी घायल

## बाइक को टक्कर मारने के बाद वॉटर टैंकर-ट्रैक्टर भी पलटा

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार:** महिगवां थानाक्षेत्र के दरियापुर चौराहे के पास शुक्रवार सुबह बेकाबू वॉटर टैंकर-ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार दो लोग सड़क पर जा गिरे। हादसे में बाइक चला रहे मजदूर के ऊपर से पहिया निकलने के बाद टैंकर पलट गया। जिससे मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

मुसपिपरी गांव निवासी प्रभात कुमार उर्फ संजू (45) मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी सुमन, दो बेटे रजनीश और अविनाश हैं। शिवदीप ने बताया कि बड़ा भाई प्रभात कुमार शुक्रवार सुबह बाइक से सुरेश संग काम पर जा रहे थे। जैसे ही वे दरियापुर चौराहे के पास पहुंचा कि पीछे से बेकाबू ट्रैक्टर-टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। चालक जबतक ट्रैक्टर-टैंकर को रोकता तब तक ट्रैक्टर का पहिया प्रभात के ऊपर से निकल गया। कुछ दूर जाने के बाद टैंकर पलट गया और चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग गया। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही महिगवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में पुलिस दोनों को लहूलुहान हालत में सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे।

वहां डॉक्टर ने प्रभात को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सुरेश का इलाज अभी चल रहा है। पुलिस ने सुरेश से पूछताछ कर परिजन को घटना की जानकारी दी। प्रभात की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। प्रभात का शव देखकर पत्नी सुमन बेहोश हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। महिगवां इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने हादसे के बाद दोनों वाहन को कब्जे में ले लिया है।

### घर जा रहा युवक टेंपो में फंसकर घायल

- **अमृत विचार, माल :** माल –इटौंजा मार्ग पर सैदापुर में शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे टेंपो में फंसकर युवक घायल हो गया। हादसा टेंपो के गलत दिशा में मोड़ने के कारण हुआ। हादसे में घायल पकरा बाजारगाँव निवासी मुल्कराज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकरा बाजारगांव निवासी कल्लू के मुताबिक,उनका पुत्र मुल्कराज शुक्रवार की शाम साढ़े चार बजे एक अंतिम संस्कार में शामिल होकर घर वापसी कर रहा था। सैदापुर से माल की तरफ बढ़ने पर बैंक ऑफ इंडिया के आगे स्थित राजू इलेक्ट्रॉनिक्स के पास नशे में धुत टैंपो चालक ने अचानक से उल्टी में दिशा में टैंपो मोड़ दिया।जिससे टैंपो बाइक से टकरा गई।बाएं तरफ पीछे लगे सीसे में गर्दन फंस गई जिससे उसके गर्दन में गंभीर घाव हो गए हैं।सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन को सूचना देने के साथ साथ टैंपो को भी हिरासत में ले लिया है। वहीं परिजनों ने घायल को नजदीकी निजी अस्पताल ओम सांई हॉस्पिटल में इलाज करवा रहे हैं। जहां हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल पुलिस तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

### पिकअप की टक्कर से दो भाई गंभीर घायल

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ–हरदोई हाईवे पर जश्न रिजॉर्ट फिरोजपुर के पास शुक्रवार दोपहर में बेकाबू पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान हरदोई में गौसगंज निवासी अखिलेश और गणेश के रूप में हुई है। सड़क हादसे में अखिलेश के सिर में चोट आई हैं। गणेश का दाहिना पैर टूट गया है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई बाइक से लखनऊ में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान सड़क हादसा हो गया।

# हादसे में छह वर्षीय बच्चे की मौत का आरोपी चालक गिरफ्तार

संवाददाता सरोजनीनगर



आरोपी गौरव

- बंथरा में बेकाबू कार से पांच को रौंदने का मामला, गुरुवार को हुआ था हादसा

**अमृत विचार:** बंथरा में गुरुवार देर शाम बेकाबू कार ने पांच लोगों को टक्कर मारी थी। हादसे में छह वर्षीय बच्चे दीक्षांत की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने देर रात को कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया था। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हादसे में शामिल कार को बरामद कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। वहीं, आरटीओ संजय तिवारी ने आरोपी गौरव सिंह की ड्राइविंग लाइसेंस को छह माह के लिए निलंबित कर दिया है।

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से कार नम्बर देख कर देर रात बनी के पास से कार बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया। वहीं युवती से पूछताछ करने और कार नंबर के आधार पर पता चला कि कार चालक उन्नाव जिले के सोहरा मऊ थाना अंतर्गत बल्लू खेड़ा निवासी गौरव सिंह है। जो सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित एक कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। पुलिस पूछताछ में युवती से पता चला कि वह आरोपी गौरव के साथ एक ही स्कूल में पढ़ती है। आरोपी उसे लेकर कार से मोहान रोड स्थित एक फेयरवेल पार्टी में गया था। जहां से वह लौट रहे थे। तभी यह घटना हो गई। उधर घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है। जिसमें कार की तेज रफ्तार में लोगों को टक्कर मारते नजर आई।

पुलिस ने मृतक मासूम दीक्षांत की मां साधना की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उधर, मामले को लेकर लखनऊ के आरटीओ संजय तिवारी ने आरोपी कार चालक गौरव सिंह का ड्राइविंग लाइसेंस 6 माह के लिए निलंबित कर दिया है।

# एटीएम बूथ पर मददगार बन दो को फंसाया, पार किए 60 हजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भिठौली चौराहे की घटना, मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** मड़ियांव के भिठौली चौराहा स्थित एटीएम बूथ पर मददगार बनकर उचक्कों ने 9 दिन के अंदर दो युवकों का कार्ड बदलकर करीब 60 हजार रुपये गायब कर दिए। रुपये कटने का मैसेज देख पीड़ितों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ितों ने मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि बैंक से एटीएम बूथ के सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग मांगी गयी है। मामले की जांच की जा रही है।

सेमरा गौढ़ी निवासी अर्जुन चौहान 29 जनवरी की सुबह काम से इटौंजा जा रहे थे। रास्ते में भिठौली स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ पर रुपये निकालने के लिए रुके। वे बूथ में पहुंचकर कार्ड लगा रहे थे, तभी पीछे से आए दो युवकों ने मददगार बनकर बातों में फंसाया और कार्ड बदल दिया। कुछ देर बाद पीड़ित के मोबाइल पर 42,500 रुपये निकलने का मैसेज आया। कार्ड चेक किया तो वह उनका नहीं था। जरूरी काम से शहर से बाहर होने के चलते वे पुलिस के पास नहीं गए। 12 फरवरी को लखनऊ आने के बाद पीड़ित अर्जुन ने मड़ियांव थाने में शिकायत की।

वहीं, पारा के देवपुर स्थित गायत्रीनगर निवासी राजू गुप्ता ने बताया कि 21 जनवरी की दोपहर वे भिठौली चौराहा स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ पर आए थे। रुपये निकालने के दौरान पीछे खड़े शख्स ने कहा कि रसीद निकाल लीजिए, वरना अधिक रुपये कट जाएंगे। मददगार बनकर उचक्के ने कार्ड बदलकर कार्ड से 17,700 रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने 12 फरवरी को मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास पूरी करेगा आस

- **अमृत विचार,लखनऊ :** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की तर्ज पर संचालित मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना जरूरतमंदों को त्वरित पक्की छत उपलब्ध कराएगी। वित्तीय वर्ष 2026–27 में आपदा पीड़ित, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी व निराश्रित महिलाओं को आवास दिए जाएंगे। इसके लिए बजट की कमी नहीं रहेगी। प्रदेश सरकार ने बजट भी जारी किया है। वर्ष 2019 में शुरू हुई इस योजना से जिले में तब से अब तक 1700 आपदा पीड़ित, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी व निराश्रित महिलाओं को आवास मिले हैं। वर्ष 2026–27 में पहले चरण में 54 आवास आवंटित करके निर्माण की धनराशि भुगतान की गई। दूसरे चरण में 41 आवास चयनित हुए और पहली किस्त 40 हजार भुगतान की गई। शेष किस्त भी जल्द मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ



रास्ते में भरा पानी।

### गोड़वा - भटगांव पांडे मार्ग जर्जर,जलभराव

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनी नगर ब्लॉक क्षेत्र में गोड़वा – भटगांव पांडे मार्ग लंबे समय से जर्जर है। इस पर जलभराव भी रहता है। कीचड और जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोड़वा के रितेश रावत, मटरू, माया देवी, अजय रावत, रोहित राज, स्वाती और अंश राज ने विधायक को पत्र भेजकर समस्या बताई है। पत्र में बताया है कि गोड़वा में रितेश के घर से रोहित राज, बुद्धीलाल, मटरू और रामकुमार के घर तक घरों का गंदा रास्ते पर भरता रहता है। ग्रामीणों ने विधायक से करीब 150 मीटर खड़ंजा रोड को बनवाने की मांग की है।

### महिला ने गैंगरेप की दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** रहीमाबाद थाने में एक महिला ने सुनील और मुश्ताक प्रधान पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप समेत गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी है। गर्भवती पीड़िता ने बच्चे के डीएनए टेस्ट कराने की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी सुनील वाटर पार्क में काम करता था। पीड़िता की शादी हो चुकी थी। सुनील ने प्रेम जाल में फंसाकर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपी महिला पर साथ भागने का दबाव बनाता था। झांसे में फंसी पीड़िता पति और बच्चों को छोड़कर घर से सारा जेवर और 40 हजार रुपये लेकर आरोपी के साथ 18 मई 2025 को चली गई। आरोप है कि सुनील बाइक से महिला को अंटाखेड़ा निवासी मुस्ताक प्रधान के घर ले गया। वहां दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण त्रिगुणायत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## रिटायर्ड हवलदार की मौत में एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** सरोजनी नगर में करीब 1 माह पहले सड़क हादसे में हुई रिटायर्ड हवलदार ओम प्रकाश पांडे (62) की मौत हो गई थी इस मामले में उसकी बेटी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरोजनी नगर के अमौसी निवासी ओम प्रकाश पांडे सेना में हवलदार पद से रिटायर्ड होने के बाद वह एक बैंक में कार्यरत थे। पिछले वर्ष वहां से भी रिटायर्ड हो गए थे। तीन जनवरी की रात वह कैंट स्थित अपने सेना कार्यालय से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सरोजनी नगर इलाके में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद परिजन उन्हें पहले सीएचसी सरोजनीनगर ले गए। जहां सिर में गंभीर चोट के चलते हालत नाजुक देख उन्हें कमांड अस्पताल रेफर किया गया। जहाँ इलाज के दौरान छह जनवरी की शाम उनकी मौत हो गई। फिलहाल मृतक की बेटी चारु पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# आयरन स्टोर में तोड़फोड़, दर्जन भर युवकों पर एफआईआर

संवाददाता सरोजनीनगर

- बंथरा कस्बा में हुई घटना, सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** बंथरा कस्बा स्थित विशाल आयरन स्टोर में शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक दबंगों ने घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर दुकानदार से मारपीट की। इस मामले में दुकान मालिक रमाशंकर गुप्ता ने वीरेंद्र सिंह समेत 15 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बंथरा के जुनाबगंज तिराहा निवासी रमाशंकर गुप्ता की कस्बे में पोस्ट ऑफिस के पास उनकी विशाल आयरन स्टोर नाम से दुकान है। रमाशंकर के मुताबिक रोज की तरह सुबह 10 बजे दुकान खोलकर बैठे थे। दोपहर ढाई बजे वीरेंद्र 15 साथियों के साथ पहुंचा। जबरन अंदर दाखिल हो गया। इसके बाद तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर उन पर हमला कर दिया। धमकाता हुआ साथियों संग भाग निकला। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### वाहन ने मारी टक्कर, बाइक चालक गंभीर

- **अमृत विचार, हरदोई :** हरदोई–लखनऊ नेशनल हाईवे पर निकट त्योरी मोड़ के पास बना हाइवे कट के पास बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, जिससे बाइक चालक की हालत गंभीर हो गया। बताते चले कि बाइक चालक सोनेलाल (28) पुत्र गया प्रसाद निवासी कछौना देहात के मजरा चंदा माढिया बाइक से गांव के कल्लू के लड़के का अन्नप्राशन जो हरदोई के बूढे बाबा में होने जा रहा था। उसी में शामिल होने जा रहे थे, तभी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना लाया गया जहां पर हालत गंभीर देखते हुए हरदोई रेफर कर दिया।

## ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार,बख्शी का तालाब:** सीतापुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैरपुर थाने के ठीक सामने हुए दर्दनाक हादसे में बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बीकेटी थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी रामचन्द्र मौर्य (82) गुरुवार दोपहर साइकिल से बीकेटी जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और ट्रक का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।एसओ मनोज कोरी ने बताया कि अज्ञात ट्रक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही वाहन और चालक को चिन्हित कर गिरफ्तारी की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्र में आक्रो है।

## सिटी डायरी



कार्यक्रम में छात्रों के साथ उपस्थित कॉलेज निदेशक प्रो. भावेश कुमार व अन्य।

### इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के स्टूडेंट चैप्टर का उद्घाटन

**अमृत विचार,लखनऊ :** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के तत्वावधान में श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में स्टूडेंट चैप्टर का उद्घाटन किया गया। शुरुआत कॉलेज के निदेशक प्रो. (डॉ.) भावेश कुमार चौहान और आईईआई उत्तर प्रदेश संस्था के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने की। कार्यकारी निदेशक पंकज अग्रवाल उपस्थित रहे। विजय प्रताप ने स्टूडेंट चैप्टर की स्थापना के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते डाला। उन्होंने संस्था की विभिन्न तकनीकी गतिविधियों सेमिनार, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां व प्रतियोगिताएं की जानकारी दी। आईईआई उत्तर प्रदेश संस्था के वरिष्ठ सदस्य एके सिंह, मुख्य अभियंता व विभागाध्यक्ष सिंचाई विभाग जेबी सिंह, आशीष यादव, सीके मंगलम तथा मानद सचिव एनके निषाद, शोधार्थियों और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी।

### संयुक्त व्यापार मंडल ने पदाधिकारियों को दी बड़ी जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक आशियाना में हुई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय ने संगठन की मजबूती एवं विस्तार को ध्यान में रखते हुए लखनऊ जिला उपाध्यक्ष विष्णु शंकर त्रिपाठी को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इसके अतिरिक्त नितिन सचान को लखनऊ जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। विपिन वर्मा को लखनऊ नगर का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अरविंद शाह को लखनऊ औरंगाबाद इकाई का अध्यक्ष चुना गया। दिव्यांशु सिंह को युवा प्रकोष्ठ आशियाना का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सर्वेश पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया। आशीष भगत को संगठन मंत्री, ट्रांसपोर्ट नगर की जिम्मेदारी सौंपी गई।



चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरज बोरा ।

### बजट चौपाल में गूंजा जनसंवाद विकास और जनकल्याण पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पुरनिया स्थित विधायक कार्यालय पर सोमवार को 'बजट चौपाल' का आयोजन किया गया। भाजपा की महानगर इकाई की ओर से आयोजित चौपाल में विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि बजट जनकल्याण की मजबूत आधारशिला है, जिसमें समाज के हर वर्ग के उत्थान का समुचित ध्यान रखा गया है। संयोजक विवेक सिंह तोमर, घनश्याम अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, चन्द्रशेखर गुप्ता, रमन निगम, अनुराग मिश्रा, सी.बी. सिंह, पृथ्वी गुप्ता, राघवराम तिवारी, स्वदेश सिंह, अवधेश त्रिपाठी, मान सिंह यादव, सुदर्शन उपस्थित रहे।




काकोरी से निकाली गई पदयात्रा में शामिल कांग्रेसी।

### पदयात्रा निकाली

**अमृत विचार, काकोरी :** जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बब्लू व पूर्व विधायक इन्दल कुमार रावत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने शुक्रवार को काकोरी शहीद स्मारक से 'मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान' के तहत पदयात्रा निकाली। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों ने गरीबों के हक 'मनरेगा' को कमजोर कर दिया है। जब तक मज़दूरों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता,कांग्रेस का यह संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व मंत्री राज बहादुर गौतम शामिल भी हुए।

निरीक्षण

डीएम ने कानूनगो को स्पष्टीकरण जारी करने के दिए निर्देश

# धारा 24 में दायरा होने के बाद भी कानूनगो की रिपोर्ट नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विशाख जी ने शुक्रवार को खरगापुर स्थित सदर तहसील का निरीक्षण किया तो कार्यों में लापरवाही सामने आई। समीक्षा के दौरान आरसीएमएस पोर्टल पर धारा 24 में दायरा होने के बाद भी कुछ पत्रावलियों में कानूनगो की रिपोर्ट नहीं प्राप्त हुई। ऐसे प्रकरण चिह्नित करते हुए संबंधित कानूनगो को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। यह भी कहा जिनके द्वारा आख्या नहीं भेजी गई या जहां अधिक प्रकरण लंबित हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले उप जिलाधिकारी न्यायालय का निरीक्षण किया। कुछ पुराने वादों में आदेश पत्रक अद्यतन न पाए जाने पर एसडीएम को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके लिए दैनिक आधार पर तिथि निर्धारित करने को कहा। इसके अतिरिक्त मांग पत्र की पत्रावलियों का भी अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि जो न्यायालयों से मांग पत्र आ रहे उनके प्राप्त होने और प्रेषित करने के अलग अलग रजिस्टर बनाएं। इससे यह ज्ञात हो सके कि पत्रावली की मांग किस न्यायालय से की गई है और संबंधित न्यायालय को पत्रावली भेजी गई या नहीं। एक-एक करके सभी पटलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों और कर्मचारियों से संवाद किया।

जिलाधिकारी ने न्यायालय तहसीलदार सदर का निरीक्षण किया। इस दौरान धारा 67 के प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही धारा 67 के आदेश के पश्चात धारा 67 का अनुपालन कराने की स्थिति भी जानी। साथ ही धारा 67 के आदेश के अंतर्गत किए गए जुर्माने की वसूली की भी समीक्षा की। निर्देश दिए कि धारा 67 में जुर्माना अधिरोपित है, उसका भी वसूली सुनिश्चित की जाए। सभी नायब तहसीलदार के न्यायालयों का निरीक्षण किया।



सदर तहसील के निरीक्षण में कर्मचारी से जानकारी लेते जिलाधिकारी विशाख जी।

### पेशकार पर कार्रवाई के निर्देश

- नायब तहसीलदार सिटी के न्यायालय की अलमारी में रक्षित पत्रावलियों का अवलोकन करने पर पत्रावलियां व्यवस्थित रूप से रखी नहीं मिली। न्यायालय में कुछ पुरानी पत्रावलियां जो निस्तारित हो चुकी है, जिनका दाखिल दफ्तर किया जाना था वह भी अलमारी में रखी पाई गई। पेशकार द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं मिला। इस पर न्यायालय पत्रावलियों की समुचित रखरखाव न करने पर नायब तहसीलदार सिटी के पेशकार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। सभागार, अभिलेखागार और राजस्व लिपिक रूम का निरीक्षण किया। अभिलेखागार में कॉम्पैक्टर में अभिलेख व्यवस्थित ढंग से रखे पाए गए।

